टीएसपीडीएल में 108 ने किया रक्तदान

रक्तदान करता युवक व उपस्थित यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय व अन्य।

जागरण संवाददाता, जमशेदपुर : टाटा स्टील प्रोसेसिंग एंड डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीएसपीडीएल) के सीआर प्लांट में शुक्रवार को रक्तदान शिविर लगा जिसमें 108 कर्मचारियों ने रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन टीएसपीडीएल यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने किया जबकि इस अवसर पर सीआर प्लांट के प्लांट हेड अशोक बलियान, हेड (एचआर-आइआर) शुभमय मजूमदार, डीएम एस चटर्जी, सीनियर मैनेजर देवी प्रसाद के अलावा यूनियन के महासचिव त्रिदेव सिंह, अमन सिंह, दिनेश कुमार, सच्चिदानंद, राकेश सिंह, रंजन दुबे, रघु राय आदि उपस्थित थे। ज्ञात हो कि गुरुवार को बारा प्लांट में 104 यूनिट रक्तदान हुआ था।